भुवनेश्वर में नवनिर्मित एंजेल हाऊस का उद्घाटन.... बीके शिवानी ने कहा- परमात्म शक्तियों से भरपूर रहो

खुशी हमारी आंतरिक स्थिति पर निर्भर करती है: राज्यपाल

शिव आमंत्रण ■ भुवनेश्वर

इस धरती पर हर एक कृति के पीछे खुशी पाने की इच्छा है, लेकिन बाह्य परिस्थिति पर जो निर्भर है वह अपने जीवन में सच्चा आनंद नहीं पा सकते हैं। खुशी बाहरी चीजों पर निर्भर नहीं है, वह तो आंतरिक है। दुनिया को रचता-रचना का ज्ञान देने के लिए समर्पित ब्रह्माकुमारी संस्था का कार्य प्रशंसनीय है। संस्था राजयोग सिखाकर सभी को वह दिखा रही है, विश्व बंधुत्व की भावना जगा रही है।

उक्ता उद्गार ओडिशा के राज्यपाल डॉ. एससी जमीर ने व्यक्त किए। वह भुवनेश्वर में हरिदामदा ग्राम में स्थित नवनिर्मित एंजेल हाउस का उद्घाटन करते हुए सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हम कौन सा कारोबार कर रहे हैं, किस पोस्ट पर है, शिक्षा कौनसी ले रहे हैं, कौन सी फैमिली से आए हुए हैं, आपका बैंक बैलेंस कितना है। ये जीवन की वास्तविक उपलब्धि नहीं है, बल्कि आपका जीवन कितना शांतपूर्ण है और आप कितने खुश है, इसके ऊपर निर्भर है। हर रोज की जिंदगी में आध्यात्मिकता माना भगवान की उपस्थिति में जीवन जीते हर क्षण अनुभव करना। हम अकेले नहीं हैं, हमारी हर कृति पर उसकी नजर है, यह भावना रखना। अपने ऊपर सतत् ध्यान रखने से आत्मविश्वास आता है और आंतरिक शांति मिलती है। आध्यात्मिकता का अनुभव बढ़ते जाने से अपने सवालों के जबाब भी मिल जाते हैं।

संबोधित करते राज्यपाल एससी जमीर, बीके शिवानी और अन्य अतिथि।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित शहर के वरिष्ठ नागरिकगण। फोटो: शिव आमंत्रण

वाइब्रेशन करते हैं वायुमंडल को प्रभावित... जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ और ब्रह्माकुमारीज़ की प्रसिद्ध वक्ता बीके शिवानी ने आध्यात्मिक मूल्य एवं राजयोग के अभ्यास द्वारा स्वयं को परमात्म शक्ति यों से भरपूर कर सतयुगी नई दुनिया बनाने की बात कही। होटल स्वोस्ती प्रीमियम में 'क्रियेटिंग अवर डेस्टिनी' विषय पर आयोजित व्याख्यान में बीके शिवानी ने कहा कि हमारे वाइब्रेशन चारों ओर के वायुमंडल को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए हमें चाहिए कि अपने संकल्पों एवं भावनाओं को बहुत अच्छा बनाएं। इस मौके पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश देवदत्त दास, सबज़ोन प्रभारी बीके लीना सहित अधिकारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

नाटक से बताया स्वच्छता का महत्व

शिव आमंत्रण, उल्हासनगर। महाराष्ट्र के उल्हासनगर में शिव शक्ति ग्रुप व रवि फ्रेंड सर्कल एवं ब्रह्माकुमारीज़ के संयुक्त तत्वावधान में 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं स्वच्छता विषय पर सेवाकेंद्र नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान पार्षद रेखा ठाकुर ने संस्था के कार्यों की सराहना की। कुर्ला कैंप सेवाकेंद्र प्रभारी बीके पुष्पा ने कहा 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन एवं राजयोग द्वारा आनंदमय जीवन चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही परमात्मा शिव का परिचय दिया एवं राजयोग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर जीवन को खुशनुमा बनाने की अपील की।

ग्वालियर व्यापार मेला: ध्यान केन्द्र का शुभारंभ

शिव आमंत्रण, ग्वालियर। लोगों को तनाव एवं चिंता से मुक्ति दिलाने में राजयोग ध्यान केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ये बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री माया सिंह ने ग्वालियर के व्यापार मेले में ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग मेडिटेशन सेंटर का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा संस्थान नैतिक और आध्यात्मिकता के तौर पर मनुष्य की सोच को सकारात्मक बनाने का प्रयास कर रहा है। इस दौरान राज्य सामान्य निर्यात वर्ग आयोग अध्यक्ष बालेंदु शुक्ल, मेला प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र मिश्रा, भोपाल जोन की निदेशिका बीके अवधेश, महाराजपुरा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके ज्योति आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन बीके बहादुर ने किया। आभार बीके ज्योति बहन ने माना।

शिविर में 500 लोगों की जांची सेहत

शिव आमंत्रण, ठाणे। महाराष्ट्र में ठाणे के भिवंडी में ब्रह्माकुमारीज़ और लायंस क्लब ऑफ जुहू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा और मोतियाबिंद शिविर में 500 लोगों की आंखों की जांच की गई। इसमें 150 लोगों को मोतियाबिंद शस्त्र क्रिया की गई। बीके शिल्पा ने बताया इस दौरान नशामुक्ति अवेयरनेस के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। सेवाकेंद्र द्वारा भिवंडी पीस पार्क गार्डन की भी देखभाल की जाती है।

40 हजार लोगों ने किए 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन

राज्यपाल का सम्मान करते बीके भाई।

शिव आमंत्रण, चेन्नई। चेन्नई में वेलाचेरी के गुरुनानक कॉलेज ग्राउंड में 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज और हिंदू स्प्रीचुअल एंड सर्विस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्टॉल में 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसे देखने के लिए राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित, अभिनेता विवेक व जैकी मोहन, अभिनेत्री कस्तूरी सहित 40 हजारा से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अद्यार सेवाकेंद्र प्रभारी बीके मधुमनी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से लेटर टू गॉड के जरिए भगवान को पत्र भी लिखवाए गए।

बीके शक्तिराज सिंह ने बताए मेमोरी के टिप्स

शिव आमंत्रण, जगदलपुर। अधिकांश बीमारियों का कारण मानसिक तनाव है। मार्डन टेक्नोलॉजी के युग में स्पर्धा, विपरीत परिस्थितियां, तनाव, चिंता आदि अनेक समस्याओं के समाधान के लिए मनोबल की अति आवश्यकता है। हमारे अंदर अनंत शक्तियां हैं। आवश्यकता है उन्हें पहचानने की। इन्हीं शक्तियों के आधार पर हम उन्नति के शिखर पर पहुंच सकते हैं। उक्त विचार तीन दिवसीय शिविर खुशियों का बिग बाजार कार्यक्रम में माउंट आबू से पधारे इंटरनेशनल माइंड व मेमोरी ट्रेनर बीके शक्ति राज सिंह ने व्यक्त किये। सेवाकेंद्र संचालिका बीके मंजूषा ने सभी से इस कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की।

छह माह चलेगा व्यसनमुक्ति अभियान... बेंगलुरु में राज्यपाल ने किया गरिमामयी शुभारंभ

शांतिमय जीवन के लिए अध्यात्म जरूरी: राज्यपाल

शिव आमंत्रण, बेंगलुरु। लोगों को व्यसनों से मुक्त करना है तो आइए हम खुद के जीवन को पहले व्यसन से मुक्त करें। ब्रह्माकुमारी संस्था नशामुक्ति का प्रण लेकर देश के कोने-कोने में मानवता की ज्योत जगाने का कार्य कर रही है।

उक्त विचार कर्नाटक के राज्यपाल वाजुभाई रूदाभाईवाला ने व्यसनमुक्त भारत अभियान का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। बेंगलुरु के मेडिकल प्रभाग द्वारा मेरा भारत व्यसनमुक्त भारत अभियान के तहत अवेयरनेस कम रिहैबिलिटेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रदेश में छह महीने तक चलाया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि युवा शक्ति का लोहा दुनियाभर में माना जाता है और जो राष्ट्र युवा शक्ति का बेहतर और नैतिक इस्तेमाल करता है वह उतना ही प्रगति करता है। वहीं महिलाओं की भी एक राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसीलिए युवाओं में नशे के प्रति जाग्रति लाने व महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश से संस्था अच्छा कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज पंजाब में इतने ड्रग्स आते हैं कि उसमें युवा शक्ति नष्ट हो रही है। आज परिस्थिति ऐसी है कि आगे पंजाब रेजिमेंट होगी या नहीं इसकी चिंता हो रही है। दारू की वजह से आदमी अपनी जिंदगी खराब कर लेता है। गुजरात दारूबंदी होने के कारण वहां के लोग व्यापार और उद्योग के पीछे लगे हुए दिखाई देते है। देश में या समस्त विश्व में मानवमात्र को जीवन जीने की दो पद्धति है। एक है आध्यात्मवाद और दूसरा है भौतिकवाद। सही तरीके से, शांति से आप को जीवन जीना है तो आध्यात्मवाद का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए।

इस दौरान कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय, ट्रांसपोर्ट विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बसवराजू, डिपार्टमेंट ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेस के साइंटिस्ट सुशील चंद्रा, बीके सुगंधा भी मौजूद रहीं। कुवेंपू कलाक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीवीपुरम सबजोन की बीके अंबिका ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया और अभियान के सफलता की कामना की।

दीप प्रज्जवलित कर नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ करते राज्यपाल वाजुभाई रूदाभाईवाला व बीके भाई-बहनें।

प्रदर्शनी से बताए श्रेष्ठ जीवन के सूत्र

शिव आमंत्रण, बीबीगंज फर्रुखाबाद। माघ मेला में ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा रामनगरिया पांचालघाट में चरित्र निर्माण प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें लोगों को चित्र के माध्यम से जीवन को श्रेष्ठ बनाने के सूत्र बताए गए। इसका उद्घाटन अग्रज न्यायालय के पीठासीन अधिकारी सीताराम मीणा, उद्योगपति मिथलेश अग्रवाल, राजपूताना चैंबरमैन वीरेंद्र सिंह राठौर, सिटी सीओ शरदचंद्र शर्मा, पूर्व हेल्थ डायरेक्टर डॉ. रामबाबू, वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता सुरेन्द्र चंद गोयल, एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज की चेयरमैन डॉ. अनीता यादव, बीके मंजू बहन और डॉ. अनीता सूद ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

विश्व में ब्रह्माकुमारी एकमात्र विद्यालय है जो सिखा रहा है कि हमें जीवन में क्या करना है: समाजसेवी अन्ना हजारे

शिव आमंत्रण, हावेरी। कर्नाटक में हावेरी जिले के ब्याडगी सेवाकेंद्र पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अन्ना हजारे ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय में जाने का मुझे सौभाग्य मिला। यह बाकी विद्यालयों से एक अलग विद्यालय है। यह विद्यालय विश्व में ऐसा एक ही विद्यालय है, जिसमें जीवन में क्या करना इसकी शिक्षा दी जाती है।

पत्रकारवार्ता में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अन्ना हजारे ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो भी राजनीति से जुड़ा है या जुड़ने वाला है उसे सबसे पहले ब्रह्मामाकुमारीज़ द्वारा सिखाए जाने वाला सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन कोर्स जरूर करना चाहिए। इस दौरान हुबली सबजोन प्रभारी बीके निर्मला, स्पोर्ट्स विंग चेअरपर्सन बीके बसवराज, बीके रविकला, ब्याडगी सेवाकेंद्र की निदेशिका बीके सुरेखा उपस्थित थे।

समाजसेवी अन्ना हजारे कार्यक्रम में संबोधित करते हुए।

सरिया में तनाव मुक्ति शिविर का भव्य आयोजन

'सफलता के पाँच कदम एवं तनाव मुक्त जीवन कार्यक्रम' का उद्घाटन करते हुए बीके प्रभा मिश्रा, बीके चित्रा बहन एवं बीके सुनयना बहन।

शिव आमंत्रण, सरिया। सरिया में पहली बार समय की पुकार परमात्म शक्तियों से स्वर्णिम संसार तथा सफलता के पांच कदम एवं तनाव मुक्ति शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बीके प्रभा ने कहा हमारी आत्मा में काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार रूपी पांच विकार आ जाने से आत्मा पतित हो चुकी है। इससे तनाव होना स्वभाविक है। लेकिन जीवन में सुख, शांति हमेशा रहे, हमारा जीवन सदा के लिए तनाव मुक्त रहें। इसके लिए हमें राजयोग मेडिटेशन सीखना चाहिए। रायगढ़ से पधारी बीके चित्रा ने सबको राजयोग मेडिटेशन का महत्व व लाभ के बारे में विस्तार से बताया। वहीं भिखमपुरा से पधारे जगन्नाथ पाणिग्राही, नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष शरद यादव ने कहस कि जब हम इस संस्था के सम्पर्क में आते है तो हमारे मन में शुद्ध संकल्पों का संचार होने लगता है। बीके कंचन, बीके सुनयना, बीके राधिका, बीके नीलू, बीके द्रोपदी, बीके कस्तुरी, बीके मधु भाई, बीके शिव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

बैनर-पोस्टर से बताए नशे के दुष्परिणाम

शिव आमंत्रण, मुम्बई। सड़क सुरक्षा जागृति के लिए नालासोपारा मार्ग से 40 किमी वसई-विरार साइकिल रैली निकाली गई। इसमें लोगों को नशीले बैनर-पोस्टर के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताए गए। इस दौरान बोरीवली सबजोन प्रभारी बीके दिव्यप्रभा द्वारा दी गई शुभकामनाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। सेवाकेंद्रों की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके प्रफुल्ला, बीके भारती, बीके प्रणिका एवं बीके सुवंदा सहित अन्य भाई-बहन मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान में सहयोग पर महापौर ने जताई खुशी

शिव आमंत्रण, ग्वालियर। महापौर विवेक शेजवलकर ने भारत सरकार तथा ग्वालियर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोगी बनने व इस अभियान को सार्थक बनाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान का धन्यवाद दिया। वहीं ग्वालियर के लश्कर में माधोगंज स्थित सेवाकेंद्र पर मेरा ग्वालियर - स्वच्छ ग्वालियर एवं व्यसनमुक्त ग्वालियर विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ महापौर विवेक नारायण शेजवलकर, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर एमएल दौलतानी, पार्षद वंदना अरोरा, सेवाकेंद्र से बीके प्रहलाद एवं बीके डॉ. गुरुशरण ने दीप जलाकर किया। ब्रांड एम्बेसडर डॉ. दौलतानी ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था समाज में आध्यात्मिक जागरुकता का कार्य कर रही है।

लोकार्पण पुणे का जगदम्बा भवन ईश्वरीय सेवा को समर्पित

मैं यहां तपस्वियों की दर्शन करने आया हूं: मंत्री

दादी जानकी को बहनों ने भेंट किया मोमेंटो

शिव आमंत्रण ■ पुणे

पुणे से दस किमी दूर पिसोली में मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर जगदम्बा का उद्घाटन मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी, खाद्य सिविल आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गिरीश बापट, जलसंपदा राज्यमंत्री विजय शिवतारे की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान दादी जानकी ने कहा खुशी जैसी खुराक नहीं और चिंता जैसी बीमारी नहीं। मंत्री गिरीश बापट ने कहा मैं यहां भाषण करने नहीं बल्कि दादी जानकी जी और आप जैसी तपस्वियों के दर्शन करने आया हूं। भगवान को तो मै नही जानता लेकिन सामने बैठी दादी जानकी को साक्षात भगवान समझता हूं, उनके आशीष के लिए मै यहां आया हूं। यह कहकर मुक्तकंठ से उनके कार्यों को सराहा।

इस दौरान विधायक माधुरीताई मिसाल, योगेश टिळेकर, महापौर मुक्ता टिळक, संस्था के सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक बीके करुणा, गॉडलीवुड स्टूडियो के कार्यकारी निदेशक बीके हरिलाल, बीके जयंती, महाराष्ट्र जोन की निदेशिका बीके संतोष, मशहूर बिल्डर बीके बालन, पुणे की प्रभारी बीके सुनन्दा भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला युवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक बीके आत्मप्रकाश ने कहा-

युवा मूल्यनिष्ठ शिक्षा से ही बनेंगे आंतरिक रूप से सशक्त

शिव आमंत्रण ■ बड़ोदरा

अल्कापुरी सेवाकेंद्र पर युवाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें माउंट आबू से आए युवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक बीके आत्मप्रकाश ने कहा आज का युवा कई प्रकार के भय में रहता है। उन्हें भय में रहने की जरूरत नहीं, हिम्मत की जरूरत है। युवाओं को आज रचनात्मक कार्य, मूल्यनिष्ठ शिक्षा, और तकनीकी शिक्षा की जरूरत है। इसके प्रशिक्षण से युवा आंतरिक रूप से सशक्त बन सकेंगे।

उन्होंने कहा कि रोज की जिन्दगी में राजयोग जरूरी है और यह अभ्यास मोबाइल को रिचार्ज करने जैसा है। कार्यशाला में टीम इण्डिया के वड़ोदरा जिला प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, सेवाकेंद्र प्रभारी बीके डॉ. निरंजना समेत कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। बीके नरेन्द्र ने मंच संचालन किया।

कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते अतिथि।

योग भट्टी में उपस्थित बीके भाई-बहनें।

इसके बाद बीके भाई बहनों गहन योग तपस्या भट्टी का कार्यक्रम हुआ। इसमें आध्यात्मिक उन्नति के लिए बीके आत्म प्रकाश भाई ने सरल शब्दों में सूत्र बताए।

युवा समाज की रीढ़

एमएस यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ सोशल वर्क्स के डीन प्रो. डॉ. जगदीश सोलंकी ने कहा कि युवा समाज में रीढ़ की तरह हैं। यदि कोई युवक नहीं है तो समाज पलने में है या बिस्तर पर है। युवाओं को जागने की जरूरत है। उनके आंख और पंख मजबूत करने के लिए राजयोग का अध्ययन आवश्यक है।